प्रेषक,

**निदेशक,**
(प्रशासन एवं विकास)
पशुपालन विभाग,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

**सेवा में,**

**1–समस्त मण्डलीय अपर निदेशक, ग्रेड–2,**
पशुपालन विभाग, उत्तर प्रदेश।
**2–समस्त मुख्य पशु चिकित्साधिकारी,**
पशुपालन विभाग, उत्तर प्रदेश।

पत्रांक: 496 /नियोजन/29(9)/2020–21, दिनांक: 06-11-2020

**विषयः–** **प्रमुख सचिव, पशुधन, उ0प्र0शासन की अध्यक्षता में दिनॉक 10.11.2020 को पूर्वान्ह 10.00 से 12.00 बजे तक वीडियो कान्फ्रेसिंग आयोजित किये जाने के संबंध में।**

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक शासन द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुपालन में आपको अवगत कराना है कि प्रमुख सचिव, पशुधन, उत्तर प्रदेश शासन की अध्यक्षता में पशुपालन विभाग से संबंधित विभागीय योजनाओं/कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक दिनांक **10.11.2020 को पूर्वान्ह 10.00 से 12.00 बजे तक** निम्न एजेण्डा बिन्दुओं पर वीडियों कान्फ्रेसिंग के माध्यम से आयोजित की गयी है।

## एजेण्डा बिन्दु

1. राष्ट्रीय पशु रोग नियंत्रण कार्यक्रम अन्तर्गत प्रथम चरण के 28 जनपदों में टीकाकरण की प्रगति, अवमुक्त धनराशि के सापेक्ष उपभोग, वैक्सीनेटर/सहायकों के चयन की स्थिति, प्री सीरम सैम्पल प्रेषण की स्थिति, टैगिंग/इनाफ पोर्टल पर फीडिंग आदि की समीक्षा।
2. राष्ट्रीय पशु रोग नियंत्रण कार्यक्रम अन्तर्गत द्वितीय चरण के 47 जनपदों में टीकाकरण की समीक्षा, अवमुक्त धनराशि के सापेक्ष उपभोग की स्थिति, वैक्सीनेटर/सहायकों के चयन की स्थिति, प्री सीरम सैम्पल प्रेषण की स्थिति, टैगिंग /इनाफ पोर्टल पर फीडिंग आदि की समीक्षा।
3. भरण–पोषण हेतु आवंटित धनराशि के सापेक्ष उपयोगिता प्रमाण–पत्र प्रेषित किये जाने की समीक्षा।
4. **वर्ष 2018–19, 2019–20 में निर्माणाधीन वृहद गौसंरक्षण केन्द्रों की स्थिति तथा क्रियाशीलता की समीक्षा।**
5. **वर्ष 2020–21 में वृहद गोसंरक्षण केन्द्रों के नवीन प्रस्तावों के संबंध में भूमि चिन्हांकन की समीक्षा।**
6. जनपदों में छुट्टा/निराश्रित गोवंश की संख्या के सापेक्ष संरक्षित गोवंश की समीक्षा।
7. गो आश्रय स्थलों में मनरेगा के माध्यम से संचालित प्रोजेक्ट की समीक्षा।
8. के0सी0सी0 हेतु आवेदित फार्म जमा/जारी करने की समीक्षा।.
9. गरीब कल्याण अभियान अन्तर्गत मनरेगा द्वारा निर्मित कैटिल गोट, पोल्ट्री सेड की समीक्षा।
10. अन्य बिन्दु अध्यक्ष महोदय के अनुमति से।

------2...



Scanned by CamScanner

अतः उक्त के संबंध में निर्देशित किया जाता है कि उक्त तिथि को ससमय आयोजित वीडियो कान्फ्रेसिंग में सुसंगत सूचनाओं सहित प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें।

भवदीय,

(डा0 यू0पी0 सिंह)
निदेशक,
प्रशासन एवं विकास।

संख्या– /नियोजन/29(9)/2020–21, दिनांकित,

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–**

1. निजी सचिव, प्रमुख सचिव, पशुधन, उत्तर प्रदेश शासन को आयोजित वीडियो कान्फ्रेसिंग की तिथि एवं समय से अवगत कराने हेतु प्रेषित।
2. मुख्य कार्यकारी अधिकारी, उ0प्र0पशुधन विकास परिषद, बादशाहबाग, लखनऊ को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
3. समस्त योजनाधिकारी, निदेशालय, पशुपालन विभाग, उत्तर प्रदेश, लखनऊ को इस आशय से प्रेषित कि उपरोक्त एजेण्डा बिन्दुओं में अपने से संबंधित अद्यतन सूचना दिनॉक आज ही प्रत्येक दशा में नियोजन अनुभाग, मुख्यालय को ई–मेल आई0डी0–dahup planning@gmail.com पर उपलब्ध करा दें।

(डा0 यू0पी0 सिंह)
निदेशक,
प्रशासन एवं विकास।

Scanned by CamScanner